भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2938**
उत्तर देने की तारीख- 12/12/2024

## घुमंतू जनजातियों के लिए योजनाएं

2938. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में घुमंतू जनजातियों और समुदायों के लिए कर्यान्वित की जा रही योजनाओं के नाम क्या हैं;

(ख) उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन में शामिल गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का इन लोगों को आवास और अन्य सरकारी सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई कार्य योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग):** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समुदाय विकास एवं कल्याण बोर्ड (डीडब्ल्यूबीडीएनसी) के माध्यम से विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समुदायों के विकास एवं कल्याण के लिए विमुक्त समुदाय आर्थिक सशक्तिकरण योजना (एसईईडी) का क्रियान्वयन कर रहा है। इस योजना के चार घटक हैं, नामतः शैक्षिक सशक्तिकरण (निःशुल्क कोचिंग), स्वास्थ्य बीमा, आजीविका और आवास।

एसईईडी का कार्यान्वयन सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है, यथा

i. प्रयत्न, नोएडा, उत्तर प्रदेश,
ii. राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना,
iii. निर्माण बहु-उद्देशीय संस्था, औरंगाबाद, महाराष्ट्र,
iv. महिला मंडल बाड़मेर आगोर, बाड़मेर, राजस्थान,
v. अर्पण सेवा संस्थान, जयपुर, राजस्थान,
vi. उन्नत अनुसंधान एवं विकास केंद्र (सीएआरडी), भोपाल, मध्य प्रदेश,
vii. प्रदान, नई दिल्ली
viii. आगा खान फाउंडेशन, नई दिल्ली

*****